हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 15 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 34.3 डिग्री
न्यूनतम 23.3 डिग्री

11 श्रद्धालुओं ने शिवमंदिरों में किया जलाभिषेक ...



12 गुदगुदी जंक्शन की ओर से 60 पौधे किए ..



## खबर संक्षेप

### सोमनदी से बरामद हुआ 40 वर्षीय व्यक्ति का शव

**यमुनानगर।** जिले की रणजीत पुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव बनकट के पास सोमनदी से एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे जगाधरी सिविल अस्पताल में रखवा दिया। गांव बनकट के पास सोमनदी में सोमवार सुबह एक व्यक्ति को शव तैरात देखा। उसने इसकी सूचना गांव के अन्य लोगों को दी। गांव वासियों ने इस बारे पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही रणजीत पुर पुलिस चौंकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गांव वालों की सहायता से शव को पानी से बाहर निकाला। शव पूरी तरह से गल चुका था। मृतक की उम्र करीब 40 साल थी। शव के ऊपर सिर्फ एक लाल रंग की निक्कर डली हुई थी।

### लोहे की रॉड व डंडों से युवक को किया घायल

**यमुनानगर।** गांव शेखुमाजरा में रंजिश को लेकर चार युवकों ने गांव के ही दिलदार को पीटकर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव शेखुमाजरा निवासी दिलदार ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही कादिर व हुसैन के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया। मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। दिलदार ने बताया कि 11 जुलाई को रात साढ़े नौ बजे वह गांव में ही किसी काम से जा रहा था। रास्ते में कादिर व हुसैन ने अपने साथियों अली हसन व नूरहसन के साथ मिलकर उसे रास्ते में रोक लिया।

### चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज जेवरात चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी आकाश व नितिन उर्फ रिंकल को गिरफ्तार किया है। आरोपी आकाश को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी आकाश से चोरी के पैसे बरामद किए जाने हैं। चंद्रपुरी कॉलोनी के रहने वाले राजेंद्र कुमार ने 11 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसके घर से सोना-चांदी जेवरात व नकदी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### प्राथमिकता के आधार पर हो शिकायतों का समाधान

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर में आम नागरिकों द्वारा जो भी शिकायतें पहुंचती हैं संबंधित विभाग प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करवाना सुनिश्चित करें। लोगों की समस्याओं के समाधान करने में किसी भी तरह की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। नगराधीश सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने समाधान शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान किया। जिन शिकायतों का समाधान नहीं हो पाया जांच के लिए उन्हें मार्क किया गया है।

### पाकिस्तान जाने के लिए करें आवेदन

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि श्री गुरु नानक देव की जयंती पर पाकिस्तान जाने के इच्छुक श्रद्धालु 8 अगस्त 2025 तक उपायुक्त कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रति वर्ष श्री गुरु नानक देव की जयंती पर जो श्रद्धालु पाकिस्तान जाते हैं। आवेदन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए गृह मंत्रालय से अनुमति लेनी होती है। इसलिए जो श्रद्धालु पाकिस्तान जाने के इच्छुक हैं वे 8 अगस्त 2025 तक आवेदन जमा करवा सकते हैं।

# बिजली कनेक्शन काटने पर एसडीओ को कर दिया था सस्पेंड, विरोध पर उतरे कर्मी

## कार्रवाई वापस न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी, किया जमकर प्रदर्शन

- मंत्री विज के आदेशों पर दोबारा से मीटर लगा दिए
- कर्मचारियों ने कहा-बिना पुख्ता जांच के की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

बर्फखाना जमीन पर विवाद में मीटर कनेक्शन काटने के बाद बिजली विभाग के एसडीओ को सस्पेंड करने के विरोध में बिजली कर्मचारी सड़क पर उतर आए। कर्मचारियों ने कार्रवाई के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। दरअसल अंबाला कैंट में बर्फ खाना की जमीन को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है।

अब मामला बिजली मीटर का सामने आया है। जहां पर बिजली विभाग द्वारा बर्फखाने में रह रहे लोगों की बिजली के मीटर काट दिए गए थे। इसके बाद कैबिनेट मंत्री विज के आदेशों पर दोबारा से मीटर लगा दिए गए। इस मामले में कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के एसडीओ को सस्पेंड कर दिया गया था। एसडीओ को सस्पेंड करने के विरोध में बिजली कर्मचारी सड़कों पर उतरकर नारेबाजी की। इस दौरान बिजली कर्मचारियों का कहना है कि अधिकारियों ने बिना जांच पड़ताल किए उसको सस्पेंड कर दिया गया है। गुस्साए बिजली कर्मचारियों ने ऐलान कर दिया है कि अब वह बड़ी रणनीति बनाएंगे और जब तक जिम्मेदार को इस मामले में सस्पेंड नहीं किया जाएगा, तब तक वह आंदोलन करेंगे। बता दें कि बर्फखाना में 85 साल से रहे परिवार का मीटर उतारने के मामले में कार्रवाई हुई थी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज के निर्देश पर एसडीओ गुरविंदर सिंह को निलंबित कर दिया गया था। विभाग की ओर से निलंबन के आदेश भी जारी कर दिया गया था। शनिवार को बिजली मंत्री अनिल विज जनता की समस्याओं को सुन रहे थे। इस दौरान बर्फखाना में काफी समय से किराए पर रह रहे लोगों के मीटर को उतारने का मुद्दा आया। जिसके बाद मंत्री ने खुद एसई को फोन कर मीटर लगाने के लिए कहा था।



अंबाला। एसडीओ को सस्पेंड करने पर विरोध प्रदर्शन करते बिजली निगम के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### निलंबित एसडीओ को पंचकूला किया अटैच

**अंबाला।** ऊर्जा मंत्री अनिल विज के निर्देश पर एसडीओ गुरविंदर सिंह को निलंबित कर दिया गया है। विभाग की ओर से निलंबन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। शनिवार को बिजली मंत्री अनिल विज ने जनता दरबार में आई शिकायत के बाद एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए थे। एसडीओ गुरविंदर सिंह ऑप्रेशन, सब-डिवीजन, नंबर-2, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, अंबाला कैंट में तैनात थे। अब उनको मुख्यालय एसई, ऑप्रेशन सर्कल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, पंचकूला से अटैच कर दिया गया है। बता दें कि बर्फखाना में रहने वाले एक परिवार ने मंत्री अनिल विज से उनका सालों पुराना मीटर का कनेक्शन काटने का आरोप लगाया था। परिवार ने बताया कि न तो उनका कोई बिल पेंडिंग है न ही निगम के साथ किसी तरह का कोई विवाद है। इस पर विज ने आदेश दिए कि जिसने मीटर उतारा उस पर कार्रवाई करो। अगर वो उपभोक्ता डिफाल्टर है तो नियम के अनुसार कार्रवाई करो। विज ने बिजली विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि सुधर जाओ वरना मुझे सुधारना आता है। इससे पहले विज पिछले दिनों एक एक्सईएन को भी निलंबित कर चुके हैं।

## हाइवे पर गांव पांजूपुर के पास हुआ हादसा

# कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर




कैल-कलानौर बाईपास हाइवे पर गांव पांजूपुर के पास कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पंजाब के जिला बरनाला के गांव तपा मंडी निवासी संदीप सिंह ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 51 वर्षीय प्रेम सिंह किसी काम से आया था। जब रविवार को कैल कलानौर बाईपास हाइवे पर गांव पांजूपुर के पास सड़क क्रॉस करने लगा। इस दौरान तेज गति से आ रही कार ने उसके पिता को टक्कर मार दी। जिससे उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक कार मौके पर छोड़कर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसके पिता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर उसके पिता की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने उन्हें फोन कर हादसे की सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### इसराना में पूर्व फौजी के घर पर चोरों ने किया हाथ साफ

**इसराना।** थाना इसराना क्षेत्र में गांव शाहपुर में एक पूर्व फौजी के घर की चोरी का सामने आया है। पूर्व फौजी बलवीर सिंह अपने परिवार के साथ सोनीपत में बेटे से मिलने गए थे। वापस लौटने पर उन्हें घर का दरवाजा और खिड़की खुली मिली। पीडित ने पुलिस को शिकायत दी है। बलवीर सिंह ने बताया कि जब वह घर पहुंचे तो अंदर का नजारा देख परिवार के होश उड़ गए। अलमारी खुली थी और जरूरी कागजात इधर-उधर बिखरे पड़े थे। चोर एक सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन, दो चांदी की अंगूठियां और 10 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। बलवीर सिंह के दो बेटे हैं। जिनमें से एक हरियाणा पुलिस और दूसरा चंडीगढ़ पुलिस में कार्यरत है। गत 11 जुलाई को वे अपने बड़े बेटे से मिलने सोनीपत गए थे। एक दिन रुकने के बाद जब वापस लौटे तो चोरी का पता चला। पीडित ने थाना इसराना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



# कुरुक्षेत्र में दुकानदार से रंगदारी मांगने के मामले में दो आरोपी धर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने दुकानदार से रंगदारी मांगने के मामले में दो आरोपियों विशाल उर्फ विक्की वासी सोढ़ी जिला कुरुक्षेत्र व कार्तिक उर्फ गोलू वासी दीदार नगर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 8 जुलाई 25 को थाना शहर थानेसर पुलिस दी अपनी शिकायत में कुरुक्षेत्र वासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी शहर कुरुक्षेत्र में दुकान है। 25 जून की शाम को उसके फोन पर अनजान नम्बर से व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने उसको बताया कि वह विक्की सोढ़ी बोल रहा है और उससे 3 लाख रुपये मांगे और 2/3 दिन का समय दिया। कुछ दिन बाद उसके पास जब दुबारा कॉल आई तो और उससे 10 लाख की मांग की। मना करने पर उसे मजा चखाने की धमकी दी। 7 जुलाई को शाम के समय उसके घर के पास 2/3 कारों में सवार लडकों ने उसके घर व दुकान की रैकी की और चले गये। उसके बाद उसके पास फिर से काल आई और उससे पैसो की मांग की और पैसे ना देने पर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।




#### कई मामले दर्ज

अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि आरोपी विशाल उर्फ विक्की वासी सोढ़ी के खिलाफ करीब 26 मामले दर्ज है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ पंजाब, हरियाणा के जिला कैथल, करनाल व कुरुक्षेत्र में मारपीट, लड़ाई-झगड़े, आर्म्ज एक्ट, हत्या का प्रयास और हत्या के करीब 26 मामले दर्ज है।



पानीपत। अक्षय ऊर्जा विभाग की निदेशक डॉक्टर प्रियंका सोनी कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए।

### केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल आज करेंगे एडीईटीआईई की लॉन्चिंग

**पानीपत।** आर्य पीजी कॉलेज सभागार में मंगलवार को प्रातः 10 बजे केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ऊर्जा मंत्रालय की योजना एडीईटीआईई (अदिति) मंगलवार को लॉन्च करेंगे। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल विज, अतिरिक्त सचिव आकाश त्रिपाठी, एसीएस ऊर्जा विभाग ए. के. सिंह और ऊर्जा विभाग के सचिव पंकज अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। इसी को लेकर अक्षय ऊर्जा विभाग की निदेशक डॉक्टर प्रियंका सोनी ने एडीसी डॉक्टर पंकज यादव के साथ स्थानीय आर्य कॉलेज परिसर का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विदित रहे कि यह एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) को ऊर्जा-कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाने में मदद करने के लिए शुरू की जा रही है।

## सप्ताह में 5 दिन अध्यापन होगा

# कुवि के स्नातक और स्नातकोत्तर के शैक्षणिक कैलेंडर की अनुसूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार सत्र 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों/संस्थानों के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के शैक्षणिक कैलेंडर की अनुसूची को मंजूरी दी गई है, (शिक्षा, इंजीनियरिंग और बी.फामेर्सी कार्यक्रमों को छोड़कर) जो स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए (दिन/सप्ताह शिक्षण) है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 से 5 दिन सप्ताह में अध्यापन होगा जिसकी अधिसूचना जारी की गई है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि एकेमिक शाखा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय में दाखिला प्रक्रिया 1 जुलाई से 21 जुलाई 2025 तक चलेगी। विषम सेमेस्टर के लिए पहला शिक्षण सत्र 22 जुलाई से 18 अक्टूबर तक, दिवाली की छुट्टियाँ 19 अक्टूबर से से 26 अक्टूबर तक होंगी। दूसरा शिक्षण सत्र 27.10.2025 से 24.1 1.2025 तक होगा जबकि परीक्षाएँ 25 नवम्बर से आगे आयोजित की जाएगी। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कार्यकारी परिषद के दिनांक 27.04.2025 के रिजोलुशन संख्या 13 के अनुसार कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा सत्र 2025-26 से विश्वविद्यालय में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों का कार्यभार यूजीसी, राज्य सरकार के दिशानिर्देशों द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार नियंत्रित किया जाएगा।





ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट प्रतियोगिता के ट्रायल के लिए पहुंचे खिलाड़ी।

### डीपीएस में हुआ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ट्रायल

**पानीपत।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड द्वारा 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में यूसी क्रिकेट कप टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इसमें भाग लेने वाली इंडिया अंडर 14 व अंडर 16 क्रिकेट टीम का ट्रायल डीपीएस पानीपत सिटी में हुआ। ट्रायल में देश भर से 213 खिलाडि़यों ने भाग लिया। सिलेक्शन के लिए विशेष तौर पर बिजेंद्र राणा, पूर्व बीसीसी सचिन व नेशनल सिलेक्टर विकास शर्मा बीसीसीआई, एसजीएफ प्लेयर व कोच विक्रम नेहरा उपस्थित रहे।

## सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक करते श्रद्धालु



# 722 ग्राम चरस सहित आरोपी धरा

## सीआईए नारायणगढ़ ने कार्रवाई को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस निरंतर कार्रवाई कर रही है। अब पुलिस ने थाना नारायणगढ़ की हुडा कॉलोनी मोड़ से शिव कॉलोनी के रहने वाले आरोपी सोहन लाल को 722 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। सीआईए-नारायणगढ़ के उप-निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि उपरोक्त आरोपी नशा बेचने का कार्य करता है। वह हुडा कॉलोनी मोड़ के पास मादक पदार्थ सहित किसी के इंतजार में खड़ा है। सूचना उपरांत पुलिस दल ने रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे 722 ग्राम चरस बरामद की। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी अति आवश्यक है। तभी इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नशा गतिविधियों की सूचना हेल्पलाइन नंबर-1930 व 97299-90117 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम-पता गोपनीय रखा जाएगा।



अंबाला। नशा तस्करी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

### लाखों की नकदी समेत 4 तोला सोना व चांदी के आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** गांव तलाकौर में चोरों ने सूने घर को निशाना बनाकर एक लाख 10 हजार रुपये की नकदी, चार तोले सोने व 34 तोले चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मौके का मुआयना करने के बाद जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव तलाकौर निवासी नीलम ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रविवार को सुबह साढ़े 11 बजे घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से बाहर गई थी। शाम को चार बजे जब वह घर वापस लौटी तो घर का ताला टूटा हुआ था अमलारी से एक लाख 10 हजार रुपये, चार तोले सोने के आभूषण तथा 34 तोले चांदी के जेवर गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से जरूरी सबूत जुटाए।

## मछलियों को चारा डालने आए युवक ने पानी में तैरती देखी थी लाश

# अंबाला: नौरंगराय तालाब से युवक की लाश मिली, नहीं हो पाई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के नौरंग राय तालाब से एक शव मिला है। शव मिलने के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। सोमवार दोपहर को शहर के नवरंग राय तालाब में करीब 35 वर्षीय युवक का शव मिला है। युवक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी। पुलिस का कहना है डायल 112 पर किसी ने शव मिलने की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को बाहर निकलवाया और उसे शहर के सिविल हस्पताल में रखवा गया है। अब पुलिस मृतक की पहचान का प्रयास कर रही है। दोपहर को एक युवक तालाब में मछलियों को दाना डालने आया था। उसने पानी में तैर रही लाश को देखा था। इसके बाद उस युवक ने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। लोगों ने खुद लाश देखने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद लाश को बाहर निकाला गया। बता दें कि नौरंग राय सरोवर के साथ ही लगे महावीर पार्क में भी छह दिन पहले डूबकर 2 लड़कियों की मौत हो गई थी। दोनों लड़कियां कंप्यूटर कोर्स करने आईं थी। सुबह 2 घंटे की क्लास लगाने के बाद दोनों पार्क घूमने चलीं गईं थी। डूबने के बाद उन्हें एक युवक ने बाहर निकाला था।



अंबाला। नौरंग राय तालाब में युवक की तैरती लाश।

# शिवरात्रि का पर्व नजदीक आते ही ट्विन सिटी की सड़कों पर उमड़ने लगा आस्था, श्रद्धा व विश्वास का सैलाब

- हरिद्वार से कांवड़ लेकर ट्विन सिटी की सड़कों से गुजरने लगे शिवभक्त
- कांवड़ियों के ट्विन सिटी की सड़कों पर चरण पड़ते ही वातावरण बनने लगा शिवमय
- शिवालयों में भी शिव भक्तों की उमड़ने लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

सावन माह में शिवरात्रि का पर्व नजदीक आते ही ट्विन सिटी (जगाधरी-यमुनानगर) की सड़कों पर कांवड़ियों की आस्था, श्रद्धा व विश्वास का सैलाब उमड़ने लगा है। शिव भक्त बम-बम भोले का जयघोष करते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ने शुरू हो गए हैं। खास बात यह है कि शिव भक्तों के जयकारों से ट्विन सिटी से गुजर रहे मार्गों पर शिवमय माहोल बनने लगा है।

सावन के पहले सोमवार को जहां सुबह से ही शिव मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर जलाभिषेक किया। वहीं, पहले सोमवार को जिले की सड़कों पर दिन भर कांवड़ियों का आगमन होता रहा। सोमवार को पंजाब व हिमाचल के कई स्थानों के कांवड़ियों के काफिले शहर की सड़कों से होकर अपने गंतव्य की ओर जाते हुए निकले। शिव भक्तों द्वारा बम-बम भोले के जयघोष वातावरण को श्विमय बना दिया। मान्यता है कि सावन माह में हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने क्षेत्र के शिव मंदिरों में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से मनुष्य की हर मनोकामना पूर्ण होती है। बताया गया है कि कांवड़िए गंगा का पवित्र जल लेकर अपने कांवड़ों में झुलाते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचते हैं।


यमुनानगर। सड़कों से गुजरते हुए कांवड़िए। फोटो : हरिभूमि

### कांवड़ लाने से पहले कांवड़िए नीलकंठ में भगवान शिव का करते हैं जलाभिषेक

परंपरा है कि हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य पर रवाना होने से पहले कांवड़िए ऋषिकेश से करीब 18 किलोमीटर ऊंचाई पर सात पहाड़ी पर स्थित भगवान शिव के नीलकंठ के दर्शन करते हैं। इस दौरान कांवड़िए हरिद्वार से गंगाजल ले जाकर नीलकंठ में भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। कहते हैं कि कांवड़ लेकर चलने से पहले जो नीलकंठ में पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करता है उसके सभी पाप व संताप भोले बाबा हर लेते हैं।

### कांवड़ लाने से होती है मन्नत पूरी

हरिद्वार से कांवड़ लेकर वापस अपने घर लौट रहे पंजाब के लुधियाना से राम कुमार, मोहाली से शुभम, राजेश, शोभित, कुलबीर, साहिल व राजबीर ने बताया कि वह पिछले कई साल से लगातार हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे हैं। उनका कहना है कि सावन में भोले बाबा पर गंगा जल चढ़ाने से हर मनोकामना पूरी होती है। कांवड़ लाने से जहां उन्हें आत्मिक शांति मिलती है, वहीं, उन पर भोले नाथ की कृपा बनी रहती है।

### कांवड़ियों के लिए लगाए शिविर

कांवड़ियों का आगमन शुरू होते ही श्रद्धालुओं ने उनके ठहरने व खाने पीने की व्यवस्था के लिए शिविर लगा दिए गए हैं। जिनमें हरिद्वार से लौट रहे कांवड़ियों का स्वागत किया जा रहा है। सोमवार को ट्विन सिटी की सड़कों पर पंजाब व हिमाचल के दूर दराज स्थानों के कांवड़ियों का जत्था लौटा। जिनका श्रद्धालुओं ने जोरदार स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### मेधावी छात्र सम्मान समारोह 26 को

रादौर। रोटरी क्लब रादौर के तत्वावधान में 26 जुलाई को कस्बा के डीएवी पब्लिक स्कूल में क्लब के 42वें स्थापना दिवस पर चौथे मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में दसवीं व बारहवीं कक्षा के मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। क्लब के सचिव भारत माटिया ने बताया कि क्लब की ओर से हर वर्ष 10वीं व 12वीं कक्षा में 90 या 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाता है।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 28 को

यमुनानगर। जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का आयोजन 28 जुलाई को लघु सचिवालय में किया जाएगा। बैठक में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी परिवादों की सुनवाई करेंगे। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय, सत्कार एवं वास्तुकला मंत्री कृष्ण कुमार बेदी करेंगे।

## सीटीएम ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

# 15 शिकायतों का हुआ निपटान

- जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को लघु सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी। शिविर में 15 शिकायतें रखी गई। जिनका मौके पर समाधान किया गया।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब यह शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं। इस अवसर पर डीएसपी कंवलजीत व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए नगराधीश पीयूष गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में प्राप्त हुई 15 शिकायतें

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में 15 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें हरियावाला निवासी इसरान खान ने कंपनी द्वारा सेलरी न देने बारे, बुड़िया निवासी जय नारायण शर्मा, भूड़कलां निवासी प्यारे लाल व गुलाबगढ़ निवासी अवतार हुसैन ने कूाननी कार्रवाई नहीं होने के लिए, मॉडल यमुनानगर निवासी परमिन्दर सिंह ने प्रापर्टी टैक्स की पेमेंट न होने बारे, वार्ड नंबर 22 यमुनानगर निवासी ओम प्रकाश ने इलेक्ट्रोनिक बस का रूट बदलने बारे, उधमगढ़ निवासी मुन्ना लाल ने बिजली का मीटर चेक करवाने बारे, विशाल नगर निवासी ओम प्रकाश ने इंतकाल न करने बारे, कूलपुर निवासी सुखदेव सिंह ने सड़क निर्माण में कमियों को दूर करने बारे, जठलाना निवासी भुवनेश गोयल ने गलियों के कार्यों की चेकिंग करवाने बारे, यमुनानगर निवासी मेहर सिंह ने विधुर पेंशन लगवाने बारे, वार्ड नंबर 17 कैंप निवासी रीना रानी ने प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने बारे, हंगौली निवासी कुलदीप सिंह ने बरसात के पानी की निकासी बारे, जगधौली निवासी राजो देवी ने बिजली के करंट लगने से मुआवजा न मिलने बारे शिकायतें रखी।

# शिव मंदिरों में सावन के पहले सोमवार को गूंजा हर-हर महादेव का जयघोष

- श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में पहुंचकर किया जलाभिषेक व पूजा-अर्चना

यमुनानगर। सावन माह के पहले सोमवार को जिले के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर शिवलिंगों पर जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए मंगलकामना की। शिविर मंदिरों में हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण शिवमय बना रहा। कई मंदिरों में श्रद्धालुओं ने संकीर्तन का आयोजन कर भगवान शिव का गुणगान किया। सोमवार सुबह चार बजे से जिले के शिव मंदिरों में श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। भाटली के मंदिर, नाचरौन के शिव मंदिर, रादौर, साढ़ौरा, छछरौली, सरस्वती नगर, प्रताप नगर समेत ग्रामीण इलाकों में स्थित शिव मंदिरों में दोपहर तक श्रद्धालुओं ने शिवलिंगों पर जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की।

### भगवान शिव भक्तों पर करते हैं कृपा

शिव मंदिर के पुजारी सुरेशानंद ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को यदि श्रद्धा और विधिपूर्वक शिव पूजन किया जाए तो भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। सावन माह में भगवान शिव का जलाभिषेक करने और पूजा अर्चना करने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि इस कलिकाल में भगवान शिव ऐसे महादेव हैं जो भक्तों की पुकार सुनकर उनकी मनोकामना पूरी करते हैं और जल्द प्रसन्न होते हैं।


यमुनानगर। शिव मंदिर में जलाभिषेक करते हुए श्रद्धालु।

# युवा कौशल दिवस मनाकर किया युवाओं का मार्गदर्शन

रादौर। गुरुकुल खरकाली में सोमवार को विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। संस्थान के चेयरमैन डॉ.अमन पंजेटा ने कहा कि आज पूरी दुनिया में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया जा रहा है। युवाओं के लिए रोजगार कौशल प्रदान करने के लिए प्रदेश में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर युवाओं को कौशल पाठ्यक्रम चलाने के लिएए मार्गदर्शन के लिए एक अनूठी पहल शुरू करके देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। हरियाणा कौशल विकास मिशन युवाओं को अपनी पसंद के ट्रेड के अनुसार राज्य की योजनाओं के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण के अवसर दे रहा है। राज्य में एक लाख युवाओं को लक्षित करने से उन छात्रों का एक बड़ा डाटाबेस प्राप्त होगा, जो एचएसडीएम द्वारा राज्यभर में 200 से अधिक प्रशिक्षण केंद्रों से जुड़े होंगे। एचएसडीएम युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रम के लिए उनके निकटतम कौशल विकास केंद्र में पंजीकरण करने का निर्देश देगा, जहां वे अपनी पसंद के कोर्स कर सकते हैं। प्रदेश में कौशल विकास में सफलता का इतिहास रहा है और राज्य को प्रमुख प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में नंबर एक पर रखा गया है।


यमुनानगर। रादौर में जानकारी देते डॉ.लाभ सिंह व अन्य।

### डीएपी खाद न मिलने से किसानों को लग रहा फसलें खराब होने का डर

- सरकार से लगाई डीएपी खाद उपलब्ध करवाने की मांग

रादौर। समाजसेवी डॉ.लाभ सिंह व जितेंद्र सैनी ने कहा कि रादौर क्षेत्र में किसानों को डीएपी खाद न मिलने से फसलों के खराब होने का डर सताने लगा है। रादौर क्षेत्र में डीएपी खाद न तो पैक्स केंद्रों में मिल रहा है और न ही स्थानीय दुकानों पर मिल रहा है। ऐसे में डीएपी खाद की किल्लत के चलते किसानों को अपनी धान व अन्य फसलें खराब होने का डर सता रहा है। जिससे किसानों में सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को डीएपी खाद तो मिल नहीं रहा है। परंतु फैक्ट्रियों में आसानी से डीएपी खाद के कट्टे पकड़े जा रहे हैं। अधिकारी मनमर्जी से डीएपी खाद को फैक्ट्रियों तक पहुंचाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से इस बारे संज्ञान लेने की गुहार लगाई है। जिससे किसानों को डीएपी खाद आसानी से उपलब्ध हो सके। वहीं उन्होंने सरकार से मांग की कि सरकार स्थानीय दुकानदारों को निर्देश दे कि दुकानदार डीएपी के साथ किसानों पर अन्य दवाइयां न थौपें। जिससे किसानों को आर्थिक हानि उठानी पड़ती है।

# बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से करवाया अवगत

- हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गांव पांसरा स्कूल में आयोजित किया जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की यूनिट अंबाला द्वारा राजकीय उच्च विद्यालय पांसरा में नशा विरोधी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक महरूफ अली ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। इस दौरान बच्चों को नशा न करने की शपथ भी दिलवाई गई।

इंचार्ज निरीक्षक महरूफ अली ने बताया कि राज्य सरकार और नारकोटिक्स विभाग नशा मुक्त हरियाणा के संकल्प के साथ लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं पूरे समाज की समस्या है। जिसे मिलकर ही जड़ से खत्म किया जा सकता है। कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक फूल कुमार एवं स्कूल का प्रिंसिपल प्रदीप सिंह ने छात्रों को नशे की बर्बादी और इसके सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के भविष्य को अंधकारमय बना देती है। एएसआई फूल कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर व्यक्ति नशे को लेकर जागरूक बने और नशे के खिलाफ एक प्रहरी की भूमिका निभाए। उन्होंने बच्चों से अपील की कि अगर उनके आसपास के कहीं भी अवैध रूप से नशे की बिक्री हो रही है तो उसकी शिकायत हरियाणा एनसीबी के हेल्पलाइन नंबर 90508-91508 पर दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।


यमुनानगर। राजकीय उच्च विद्यालय पांसरा में बच्चों को नशा न करने की शपथ दिलाते सहायक उप निरीक्षक फूल कुमार। फोटो : हरिभूमि


यमुनानगर। जगाधरी में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के विजेता खिलाड़ी स्टाफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

### डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जीते छह स्वर्ण व तीन रजत पदक

- कलस्टर लेवल कराटे प्रतियोगिता में पाई सफलता
- पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में बनाई जगह

यमुनानगर। अंबाला के डीएवी स्कूल में आयोजित हुई कलस्टर लेवल कराटे प्रतियोगिता में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जगाधरी के खिलाड़ियों ने अलग-अलग आयु वर्ग में छह स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। पदक जीतकर स्कूल पहुंचे खिलाड़ियों का प्रधानाचार्य व अन्य अध्यापकों द्वारा स्वागत किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य अनूप कुमार चोपड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता में स्कूल के 17 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जो कि अंडर-14 और अंडर-17 आयु वर्ग में खेले। उन्होंने बताया कि अंडर-14 आयु वर्ग में लड़कियों में धावी और झलक तथा लड़कों में परमिंद्र सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही लड़कियों के अंडर-17 आयु वर्ग में मन्नत, तमन्ना और नेनसी ने स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। इसके साथ ही रजत पदक जीतने वालों अंडर-14 लडकों में जस तथा गुरनूर व लड़कियों में वैष्णवी रही। उन्होंने बताया कि पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि छात्रों ने अध्यापिका नेहा वर्मा के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा शानदार जीत हासिल की है। उन्होंने राज्य स्तर पर चयनित हुए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने का सुझाव दिया।


पिहोवा। श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को हुए शिवलिंग के विशेष श्रृंगार का अदभुत दृश्य। छाया: अभिषेक पूर्णिमा

# ग्रामीणों ने तीन चोरों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

- गांव कांजनू के खेतों में नलकूपों से बिजली के उपकरण चोरी करने पहुंचे थे युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

गांव कांजनू के खेतों में बीती रात नलकूपों से बिजली के उपकरण चोरी करते हुए तीन युवकों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। इस दौरान गुस्साए ग्रामीणों ने युवकों की धुनाई भी की। ग्रामीणों ने आरोपियों के पास से चोरी करने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

कांजनू गांव के सरपंच प्रतिनिधि सचिन कांबोज ने बताया कि बीती रात करीब दस बजे तीन युवक अचानक खेतों में नलकूपों से बिजली के उपकरण चोरी करने के लिए पहुंच गए। इस दौरान ग्रामीणों को भनक लग गई। आरोपियों की भनक लगते ही मौके पर ग्रामीण पहुंच गए और आरोपियों को पकड़ने में कामयाब हो गए। इससे पहले भी कांजनू गांव के दर्जन भर नलकूपों से बिजली के उपकरण चोरी हो चुके हैं। इस दौरान आरोपियों के कब्जे से ग्रामीणों ने बिजली के उपकरण चोरी के औजार बरामद किए। ग्रामीणों ने तीनों आरोपियों को रादौर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी। मामले की जांच कर रही पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद ही मामले के बारे में सच्चाई पता चलने की उम्मीद है।

# बिजली के बिल बढ़ाकर भाजपा सरकार ने आमजन को किया परेशानः त्यागी

- बिजली के बढ़े बिलों के विरोध में कांग्रेस 17 को जिला सचिवालय के समक्ष करेगी प्रदर्शन
- कांग्रेस के यमुनानगर विधानसभा के प्रत्याशी रहे व पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने दी जानकारी



यमुनानगर। हरियाणा की भाजपा सरकार ने बढ़ती महंगाई में बिजली के बिलों को बढ़ाकर आमजन की कमर तोड़कर रख दी है। वहीं, ट्विन सिटी में बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से लोग परेशान हैं। इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी 17 जुलाई को जिला सचिवालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन करेगी। जिसमें अंबाला के सांसद वरुण चौधरी समेत अन्य नेता भाग लेंगे। कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं यमुनानगर विधानसभा से प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने सोमवार को जगाधरी वर्कशाप मार्ग स्थित कार्यालय में कहे।

कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने कहा कि कांग्रेस का यह प्रदर्शन जनता की पीड़ा और नगर की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ है। बरसात में शहर की गलियों और सड़कों पर भरे पानी से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन नगर निगम और प्रशासन समस्या का स्थायी समाधान करने में विफल साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इस प्रदर्शन में अंबाला सांसद वरुण मुलाना, जगाधरी से विधायक अकरम खान और साढ़ौरा से विधायक रेणुबाला भी विशेष रूप से भाग लेंगी। कांग्रेस नेता रमन त्यागी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा किया जा रहा प्रदर्शन एक प्रदर्शन ही नहीं है। बल्कि यह जनता की आवाज है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। रमन त्यागी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जनता से जितने भी वादे किए थे वह सभ झूठे साबित हो रहे हैं। आज प्रदेश के यह हालात हैं कि बेरोजगार युवक सड़कों पर घूम रहे हैं और भाजपा नेता मलाई खाने में लगे हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के लिए आह्वान किया।

**समस्या** हमीदा हैड़ रास्ते से रोजाना सैकड़ों गांव के ग्रामीणों, स्कूल के बच्चों व व्यवसायियों का होता है आवागमन

# हमीदा हैड़ के नजदीक सड़क पर बह रहा गंदा पानी लोगों के लिए बना परेशानी का सबब

- नगर निगम के गंदे नालों की सफाई कार्य करने के दावे दिखाई देने लगे बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के बाईपास चौक से वाया हमीदा हैड से गांव पांजूपुर से होते हुए अलाहर जा रहे रास्ते पर पश्चिमी यमुना नहर के नजदीक हमीदा हैड पुल के पास करीब दस दिन से गंदा पानी बहने से क्षेत्र लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कारण है कि पुराने हमीदा के गंदे पानी की निकासी के लिए बनाया गया नाला अटा पड़ा है और पानी सड़क के ऊपर से होकर गुजर रहा है। क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से सड़क पर बह रहे गंदे पानी की समस्या से छुटकारा दिलवाए जाने की मांग की। क्षेत्र के संजय कुमार, सुखबीर सिंह, गौरव, दिलीप सिंह, राजपाल, सोमपाल व सतपाल आदि ने बताया कि हमीदा हैड से रोजाना क्षेत्र से सैंकड़ो गांव के लोगों, स्कूल व कालेज के बच्चों, दुकानदारों, आम नागरिकों समेत अन्य व्यवसाय कर रहे लोग ट्विन सिटी में आवागमन करते हैं। मगर पिछले करीब दस दिन से हमीदा हैड के नजदीक पुराना हमीदा से निकल रहे गंदे पानी के नाला के अटा पड़ा होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। उनका कहना है कि नगर निगम द्वारा आए दिन नालों की सफाई के दावे किए जा रहे हैं। इस दौरान मेयर व नगर निगम के अधिकारी भी शहर में निरीक्षण करते हुए दिखाई देते हैं। मगर पिछले दस दिन से हमीदा हैड रास्ते पर बह रहे गंदे पानी को देखने न तो कोई अधिकारी, मेयर अथवा पार्षद मौके पर गया। जिसकी वजह से दिखाई देता है कि गंदे पानी की निकासी के लिए किए जा रहे सफाई करने के दावे मात्र एक छलावा भर हैं। क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर बह रहे गंदे पानी की समस्या से छुटकारा दिलाए जाने की मांग की। इस संबंध में मेयर से संपर्क करने का प्रयास किया गया। मगर उनसे संपर्क नहीं हो सका।



यमुनानगर। हमीदा हैड़ के पास सड़क पर बह रहे गंदे पानी के बीच से गुजरते वाहन चालक।

## सावन माह के पहले सोमवार को पूजा करने से शिव की अत्यधिक कृपा होती प्राप्त

# श्रद्धालुओं ने शिवमंदिरों में किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शिव भक्तों को सावन मास का विशेष इंतजार रहता है। सावन मास शुरू होते ही शिव मंदिर में भक्तों का तांता लग जाता है। एक तरफ जहां सड़कों पर कांवड़ियों की लंबी-लंबी कतारें दिखाई देती हैं तो दूसरी तरफ मंदिरों में शिवलिंग पर जल चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ भी नजर आती है। महाभारत कालीन स्थानेश्वर महादेव मंदिर जो स्थाणु महादेव मंदिर के नाम से भी प्रसिद्ध है वहां भी सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई। भारी संख्या में भक्तों ने शिवलिंग पर जल चढ़ाया और पुष्पांजलि भेंट कर पूजा-अर्चना की। भक्तों ने मंदिर प्रांगण में धूप-दीप प्रज्वलित कर भी अपनी आस्था प्रकट की। मंदिर के महंत बंसी पुरी ने बताया कि भगवान शिव-शंकर की पूजा के लिए सावन मास का विशेष महत्व है। यह मास भगवान शिव को विशेष प्रिय है इसलिए पूरे महीने शिव की पूजा करने से शिव की अत्यधिक कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि चूंकि सोमवार भगवान शिव का दिन माना जाता है इसलिए इस



दिन शिव भक्त विशेष रूप से शिव आराधना करते हैं और अपने पुण्य में वृद्धि करते हैं। सावन के पहले सोमवार पर भगवान शिव पर जलाभिषेक करने पहुंचे उत्थान सामाजिक संस्था के अध्यक्ष श्रद्धालु अनिल वर्मा ने बताया कि स्थानेश्वर महादेव मंदिर महाभारतकालीन मंदिर है और थानेसर नगर ही नहीं अपितु देश के अन्य क्षेत्रों में रहने वाले श्रद्धालुओं की भी इस मंदिर में विशेष आस्था है। इस अवसर पर मंदिर के पंडित नवल किशोर, दीपक शर्मा, राजेश शुक्ल, संतोष शर्मा, पूर्ण, भंडारी, अश्विनी शर्मा, विष्णुदत्त, अनिल वर्मा, मीनाक्षी वर्मा सहित भारी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।





कुरुक्षेत्र। दु:ख भंजन मंदिर में शिव भोले की पूजा करते श्रद्धालु और फूलों से सजा शिवलिंग। फोटो : हरिभूमि

### मारकंडेश्वर शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

**शाहबाद।** सावन मास के पहले सोमवार के दिन नगर के सभी शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ लगी रही। नगर के प्राचीन मारकंडेश्वर शिव मंदिर में सुबह 5 बजे से ही शिव भक्तों का जलाभिषेक करने के लिए तांता लग गया। शिव भक्तों ने धतूरा बेलपत्र फल फूल से भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। ऐसी मान्यता है कि सावन मास में शिव भक्त पूरा महीना शिवलिंग पर जल चढ़ता है उसकी सभी मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती है। नगर के हजारों शिव भक्त सावन मास में हरिद्वार से गंगा जल कावड़ लेकर पैदल आते हैं और भगवान शिव को अर्पण करते है सभी शिवानियों में ओम नमः शिवाय बम बम भोले के उद्घोष होते रहे। नगर के प्राचीन मारकंडेश्वर शिव मंदिर में सावन की शिवरात्रि के मौके पर हरिद्वार से कावड़ लेकर आए शिव भक्तों के लिए विशेष रूप से लंगर प्रसाद की व्यवस्था होती है और कांवड़ियों के लिए शयन की व्यवस्था भी मंदिर सभा के द्वारा की जाती है।

### दुखभंजन मंदिर में शिव भक्तों ने की पूजा अर्चना

**कुरुक्षेत्र।** प्रसिद्ध दु:खभंजन मंदिर में सावन मास के पहले सोमवार को हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। शिव भक्तों ने सबकी सुख-शांति के लिए पूर्ण आहूति डाली और पूजा-अर्चना की। भोले नाथ को मनोभावों से प्रार्थना अर्पित की और शिवलिंग को रुद्राक्षमाला व फूलों से सजाया गया। पुजारी सुशील कुमार शास्त्री ने कहा कि सोमवार को भोले बाबा की पूजा-अर्चना से विशेष लाभ मिलता है। जल मंत्रों का उच्चारण करते हुए सुशील शास्त्री ने बताया कि जल चढ़ाने से हमारा स्वभाव शांत होता है। शिव बहुत दयालु है। ऐसी मान्यता है कि यदि शिव आपसे प्रसन्न है तो आपको किसी भी संकट का सामना नही करना पड़ेगा। सच्चे मन से भोले बाबा की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस अवसर पर ज्ञान चंद पराशर, कुलवंत भट्टी, एचके पाल, लाल बहादुर, सागर बंसल, रवि शर्मा, राजकुमार शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, डा. सत्य नारायण शर्मा, श्याम बारना, दर्शन पूरी, मनोहर लाल खुंगर, उमाकांत त्रिपाठी, पंडित सुशील शास्त्री, दर्शन पाहवा, मुन्ना, श्याम सुंदर अरोड़ा, सतीश वालिया, विनोद शर्मा, बलजीत सैनी, वैद्य पं प्रमोद कौशिक आदि श्रद्धालु प्रमुख रुप से मौजूद रहे।

## विद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास का सशक्त मंच : कौशिक



कुरुक्षेत्र। कार्यशाला में शिक्षकों को संबोधित करते जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक और बैठक में मौजूद शिक्षकगण। फोटो : हरिभूमि

- एनीमिया मुक्त भारत एवं सुरक्षित विद्यालय नीति पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा के केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास का सशक्त मंच हैं। यदि हम बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं देंगे तो हम उनके उज्ज्वल भविष्य के साथ न्याय नहीं कर सकते। एनीमिया मुक्त भारत अभियान हो या सुरक्षित विद्यालय नीति, इन दोनों मिशनों को तभी सफलता मिलेगी जब प्रत्येक विद्यालय प्रमुख अपनी जिम्मेदारी को कर्मठता से निभाए। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक सोमवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र स्थित केशव सदन में एनीमिया मुक्त भारत अभियान एवं सुरक्षित विद्यालय नीति पर केंद्रित एक विशेष कार्यशाला में बोल रहे थे। कार्यशाला में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में डॉ. मनीषा व डॉ. प्रदीप कुमार नागर ने एनीमिया मुक्त भारत अभियान की पृष्ठभूमि, वैज्ञानिक पहलू, क्रियान्वयन रणनीति एवं विद्यालयों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं सुरक्षित विद्यालय नीति पर डॉ. शीशपाल जांगड़ा, शेर सिंह एवं जोगिंदर ढुल ने बाल संरक्षण, आपदा प्रबंधन, इमरजेंसी रिस्पांस, संरचनात्मक सुरक्षा, मनोसामाजिक सहायता जैसे विषयों पर गहन विचार साझा किए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. तरसेम कौशिक, सतबीर कौशिक, राजेंद्र कुमार, अरुण गोयल सहित जिला शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में निजी विद्यालयों के प्राचार्य व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### डॉ. आनंद कुमार बने मुख्य सुरक्षा अधिकारी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार आईआईएचएस के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आनंद कुमार को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक मुख्य सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही सांख्यिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. जितेन्द्र खटकड़ को तत्काल प्रभाव से उप-मुख्य सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। डॉ. आनंद कुमार व डॉ. जितेन्द्र खटकड़ ने अपनी इस नियुक्ति के लिए कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार प्रकट करते हुए पूरी जिम्मेवारी व कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने की बात कही।



### डॉ. अनिल गुप्ता बने कुवि प्राक्टर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार आईआईएचएस के प्रोफेसर अनिल गुप्ता को तत्काल प्रभाव से प्रॉक्टर नियुक्त किया गया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि डॉ. अनिल गुप्ता कुवि में 2000-2003 तक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी तथा इनको हरियाणा के राज्यपाल द्वारा हरियाणा के सर्वश्रेष्ठ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी का पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है।



## कुवि कुलपति ने जगतगुरु रविदास पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने आईआईएचएस के हिंदी विभाग के शिक्षक डॉ. हरिओम फुलिया द्वारा लिखित पुस्तक जगतगुरू रविदासः सामयिक संदर्भ में प्रासंगिकता का विमोचन किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने बधाई देते हुए कहा कि गुरु रविदास जी शिक्षाएं हमें सामाजिक समानता, भक्ति और आध्यात्मिक ज्ञान के महत्व की याद दिलाती हैं। संत काव्य परंपरा के उद्भव, विकास, प्रचार और प्रभाव से सभी सुपरिचित हैं। उत्तर भारत में संत-समाज ने वैचारिक क्रांति करके तत्कालीन समाज को जो मानसिक शक्ति और नवचेतना प्रदान की उसका प्रतिबिम्ब भक्ति काल के काव्य में भी परिलक्षित होता है। डॉ हरिओम फुलिया ने बताया कि उनकी पुस्तक उनके पिता दीपचंद फुलिया को समर्पित है। 183 पृष्ठों की पुस्तक को अनुरेखा



प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया गया है। पुस्तक में संत काव्य परम्परा और कतिपय प्रेरक व्यक्तित्व, गुरु रविदास की विविधामयी विचारधारा, गुरु रविदासः विविध संदर्भ और प्रासंगिकता तथा संत काव्य परम्परा को गुरु रविदास का अवदान शामिल किया गया है।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन प्रो. प्रीति जैन, आईआईएचएस की प्राचार्या प्रो. रीटा व डॉ. पूजा शर्मा मौजूद थे।

### जरूरतमंद परिवारों को सामान देकर की मदद

**कुरुक्षेत्र।** महावीर सत्संग सभा कुरुक्षेत्र द्वारा कुरुक्षेत्र में अलग-अलग जगह पर 200 से ज्यादा परिवारों को कपड़े, खाने-पीने का सामान व आर्थिक सहायता करके उनका सहयोग किया। सभा के सदस्यों ने बताया कि सतयुग दर्शन ट्रस्ट फरीदाबाद द्वारा 1 से 31 जुलाई तक पूरे विश्व स्तर पर जहां-जहां उनकी शाखाएं हैं, गरीब परिवारों को जरूरत का सामान व आर्थिक सहयोग देकर उनकी मदद की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को सभा के सदस्यों ने गांधीनगर, दुखभंजन मंदिर कॉलोनी के पास और गुरुद्वारे के पास बस्तियों में नए वस्त्र, खाने-पीने का सामान व हर परिवार को 500 रुपए नकद धन राशि देकर उनकी आर्थिक रूप से भी मदद की। ट्रस्ट द्वारा अभी तक कुरुक्षेत्र में 800 से अधिक जरुरतमंद लोगों को सामान वितरित किया जा चुका है।

## 2041 के मास्टर प्लान में कुरुक्षेत्र बाइपास का जिक्र नहीं : अरोड़ा

विधायक एवं पूर्व मंत्री ने पत्रकारों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

थानेसर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कुरुक्षेत्र का बाईपास शीघ्र बनने के दावे की पोल खोलते हुए कहा कि 2041 के मास्टर प्लान में बाईपास का जिक्र तक नही है। जबकि हरियाणा के मुख्यमँत्री नायब सैनी सहित अनेक भाजपा नेता यह दावा कर रहे हैं कि बाईपास का डीपीआर बन चुका है और शीघ्र ही कुरुक्षेत्र को बाईपास मिलेगा। वे केडीबी रोड स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मायाराम चंद्रभानपुरा, इंप्रुवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, नगर पार्षद परमवीर सिंह प्रिंस, नगर पार्षद राजेंद्र सैनी व पवन चौधरी भी उपस्थित थे। पत्रकार वार्ता में अशोक अरोड़ा ने खुलासा किया कि 9 जुलाई को प्लानिंग कमेटी की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक डीसी की अध्यक्षता में हुई जिसमें कुरुक्षेत्र के मास्टर प्लान पर चर्चा हुई। बैठक



कुरुक्षेत्र। 2041 के मास्टर प्लान को दिखाते अशोक अरोड़ा।

में जो मास्टर प्लान रखा गया उसमें कुरुक्षेत्र के प्रस्तावित रिंग रोड को उस स्थान पर दिखाया गया है जहां अनेक वैध तथा अवैध कॉलोनियां भी बस चुकी हैं। इस स्थान पर रिंग रोड बनना आज भी संभव नही है और 2041 में तो कुरुक्षेत्र की शहरी आबादी डेढ गुना होकर साढे दस लाख के करीब हो जाएगी। अरोड़ा ने बताया कि उन्होने बैठक में सुझाव रखा कि रिंग रोड को शहर के ऊपर लगभग 7-8 किलोमीटर दूर बनाना प्रस्तावित किया जाए।

### शिव शक्ति मंदिर में लगाया नि:शुल्क हेल्थ कैंप



**कुरुक्षेत्र।** शिव शक्ति मंदिर सेक्टर 7 में सावन के पहले सोमवार को नि:शुल्क हेल्थ कैंप लगाया गया जिसमें श्रद्धालुओं का शुगर और बीपी टेस्ट निशुल्क किया गया। साथ ही अनुभवी डाक्टर द्वारा सभी बीमारियों का इलाज दवाइयां सहित निशुल्क किया गया। फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर द्वारा भी संबंधित मरीजों को परामर्श दिया गया। कैंप में लगभग सौ श्रद्धालुओं ने सेवा का लाभ उठाया। मंदिर में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली भक्तों ने लाइन में लगकर भोलेनाथ का जल अभिषेक किया एवं पूजा अर्चना की। मंदिर के महासचिव रमेश गोयल ने बताया कि मंदिर में पिछले लगभग कई वर्षों से चैरिटेबल फिजियोथैरेपी और निशुल्क डिस्पेंसरी सफलतापूर्वक चल रही है जिसमें दूर-दूर से जैसे की पहेवा, ज्योतिसर, प्रतापगढ़, थानेसर शहर, और सेक्टर 2,3,4,5,7,8,30 इत्यादि से मरीज आकर फिजियोथैरेपी सेवा और ओपीडी का लाभ उठा रहे हैं। इसके अतिरिक्त गोयल ने बताया कि 7 सितंबर 2025 को मंदिर में दूसरा विशाल रक्तदान सीवर का आयोजन भी किया जाएगा।

## कुरुक्षेत्र के प्राइवेट स्कूलों का प्ले-वे स्कूल के लिए किया जाएगा पंजीकरण : कौर

- स्कूल प्रबंधकों को सरकार द्वारा निर्धारित शर्तों को करना होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में प्राइवेट प्ले-वे स्कूल चल रहे है। इन सभी स्कूलों को नियमानुसार अपना पंजीकरण करवाना होगा। इन स्कूलों के प्रबंधकों को सरकार की शर्तों के अनुसार तमाम दस्तावेज जमा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में जमा करवाने होंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार जिला में चल रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग,पंचकूला, हरियाणा निदेशक के पत्र द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास को प्राइवेट प्ले स्कूल के पंजीकरण के लिए सक्षम अधिकारी बनाया गया है।

### बच्चों की सुरक्षा को लेकर शर्तें निर्धारित

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के तहत 3-6 वर्ष के बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ शर्तें भी निर्धारित की गई है। सभी स्कूलों को निर्धारित मानदंडों को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की शर्तों के अनुसार प्ले स्कूल की एक कक्षा में 20 बच्चे रखना अनिवार्य है,प्ले स्कूल में 20 बच्चों पर एक शिक्षक व एक केयरटेकर होना अनिवार्य है,सोसायटी ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, जमीनी दस्तावेज, बिल्डिंग, फायर सेफटी, नक्शा व सी.ए. रिपोर्ट आदि होना अनिवार्य है,प्ले स्कूल के स्टाफ का कोई भी अपराधिक रिकॉर्ड न हो,प्ले स्कूल की मान्यता के लिए खेलकूद गतिविधियों के लिए प्लेग्राउंड होना अनिवार्य है,प्ले स्कूल के पूर्ण परिसर में सी.सी.टी.वी. कैमरे होना अनिवार्य है,सभी शिक्षक व पूरे स्टाफ की जानकारी व पुलिस वेरिफिकेशन जरुरी होनी चाहिए,पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन का गठन भी अनिवार्य है,आपदा व अग्नि सुरक्षा हेतू स्कूल में उचित प्रबंध होना अनिवार्य है,लडकों व लड़कियों के लिए चाइल्ड फ्रेंडली शौचालय का होना अनिवार्य है।



### गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता : सूद

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा व हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन रोड स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारत विकास परिषद के द्वारा आयोजित गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के अंतर्गत गीता कन्या विद्यालय की प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष व यूनियन बैंक से सेवा निर्मित मुख्य प्रबंधक सुशील सूद, भारत विकास परिषद कुरुक्षेत्र शाखा के वित्त सचिव मनोज सेतिया और भारत विकास परिषद के संपर्क विभाग से अखिलेश गुप्ता उपस्थित रहे। सुशील सूद ने छात्राओं के समक्ष गुरु पूर्णिमा पर विचार रखते हुए गुरु की महिमा का व्याख्यान किया। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन जन्मे गुरु व्यास जी को सभी गुरुओं में श्रेष्ठ गुरु का दर्जा मिला है। व्यास जी द्वारा ही सभी वेदों को ग्रंथबद्ध किया गया था। गुरु गोविंद दोउ खड़े काके लागू पाय' दोहे के माध्यम से गुरु की महिमा और उनके प्रेम -नम्रता के भाव का वर्णन किया। गुरु का अर्थ है -अंधकार से उजाले की ओर ले जाने वाला। सुशील ने भारत विकास परिषद के पांच सूत्र -संपर्क, सहयोग, सेवा, संस्कार और समर्पण के बारे में भी छात्राओं को बताया। हमारे जीवन के प्रथम गुरु माता-पिता, दूसरे गुरु शिक्षक और तीसरे गुरु वे है जो आत्मा को परमात्मा से मिलने की प्रेरणा देते हैं। अखिलेश गुप्ता ने भी छात्राओं को संबोधित किया और छात्राओं और शिक्षिकाओं के माध्यम से गुरु अभिनंदन करना सिखाया। इसके उपरान्त आए हुए अतिथि गणों ने विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन बाला को स्मृतिचिन्ह स्वरूप पौधा भेंट किया।

### माता पार्वती ने 108 जन्मों की घोर तपस्या के बाद भगवान शिव को पति के रूप में पाया था : शास्त्री

**कुरुक्षेत्र।** श्रावण मास के पावन अवसर पर सेक्टर-7 स्थित श्रीशिव शक्ति मंदिर में श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष कथावाचक अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि माता पार्वती ने 108 जन्मों की घोर तपस्या के बाद भगवान शिव को पति के रूप में पाया था। मां पार्वती का भगवान शिव के प्रति अगाध प्रेम था। एक आदर्श पत्नी की तरह मां पार्वती भगवान शिव की सभी बातों का पालन करती थी और जो जब भगवान शिव कुछ बोला करते थे तो उसको पूरे ध्यान से सुनती थीं। कथा वाचक अनिल शास्त्री ने बताया कि एक बार भगवान शिव मां पार्वती को ब्रह्म ज्ञान देने के लिए सृष्टि की कथा सुना रहे थे. कथा सुनते सुनते मां पार्वती किन्ही दूसरे विचारों में खो गई। जैसे ही भगवान शिव को इस बात का एहसास हुआ की मां पार्वती उनकी बातों पर ध्यान नहीं दे रही हैं तब उन्होंने मां पार्वती से पूछा की क्या आप मेरे द्वारा सुनाई जा रही कथा को सुन रही हैं, लेकिन मां पार्वती कहीं और खोई हुई थी। इसलिए उन्होंने भगवान शिव के सवाल का कोई उत्तर नहीं दिया। कुछ समय बाद जब मां पार्वती का अपने विचारों से ध्यान भंग हुआ और वें अपनी दुनिया में वापस लौटीं तब भगवान शिव ने क्रोधित होते हुए मां पार्वती से कहा कि आपने ब्रह्म ज्ञान का अनादर किया है। इस अवसर पर यजमान प्रसिद्ध समाजसेवी प्रदीप सैनी, दिव्यम सैनी, भानू प्राप्त राणा, विनोद शर्मा, विनोद सिंगला, मोहन लाल अरोड़ा पार्षद, मेन पाल चौहान, विनोद गुप्ता, महेंद्र सिंगला, लाजपत सिंगला, अश्विनी सिंगला, अभय मित्तल आदि मौजूद रहे।





### मोबाइल मेडिकल यूनिट में 106 लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**लाडवा।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल युनिट के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मोबाइल मेडिकल युनिट द्वारा आज लाडवा हल्के के गांव सोंटी में पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 106 लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा स्वस्थ कुरुक्षेत्र अभियान के तहत खान-पान से संबंधित स्वास्थ्यवर्धक आदतों को अपनाने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है।

**कार्यक्रम** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल का अलंकरण समारोह आयोजित

# हैड गर्ल बनी खुशी व हैड बॉय बने आर्यन सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए अलंकरण समारोह बड़ी धूमधाम एवं गरिमा के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर वीरेन्द्र वालिया मुख्य अतिथि तथा महिपाल आर्य विशेष अतिथि के रूप में बच्चों को आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत नन्ही मुन्नी छात्राओं ने उन्हें तिलक लगाकर तथा पुष्प भेंट कर के किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह में छात्र परिषद के सदस्यों को उनके पदों के अनुसार जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह में हैड




कुरुक्षेत्र। अलंकरण समारोह में मौजूद विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा और विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

गर्ल खुशी, हैड बॉय आर्यन सैनी, डिप्टी हैड गर्ल वंशिका, डिप्टी हैड बॉय मोहित सैनी (सभी कक्षा द्वादश) और चारों सदनों से वंशिका शर्मा, ऐंजल,तानिया,सुगंधा (सभी कक्षा एकादश) को हाऊस कैप्टन बनाया गया। इसके अलावा चारों सदनों से दीपांशी,बरनप्रीत, सना,गीतू को वाइस कैप्टन (सभी कक्षा एकादश)तथा कीर्ति, मोहित, अक्षरा,अनुष्का, मनमीत, नैंसी,आस्था, राघव (सभी कक्षा दशम) को हाउस प्रीफेक्ट्स बनाया गया। सभी छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई कि वह अपने निर्धारित कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा के साथ पालन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वीरेन्द्र वालिया ने छात्रों को दायित्वों का निर्वाह करने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। निर्वाचित हेड गर्ल एवं हेड बॉय ने अपना परिचय दिया तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा सभी निर्वाचित विद्यार्थियों को बैज एवं सैशे प्रदान किए गए। विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने उन्हें बधाई दी तथा कहा कि वे नेतृत्व, एकता, अनुशासन और नैतिकता में निष्पक्ष और ईमानदार रहें। समारोह के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया। मंच संचालन मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा द्वारा किया गया।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर प्रशासक विकास गाबा, को ऑर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मंजीत, हरिंदर, कल्पना, पूनम, रिहाना, आशा, स्मृति, अंजलि, मोनिका, स्वाति, कोमल, किरण, मधु, गीता, रेनू, अध्यापक जसमेर, शक्ति प्रकाश, अंकित, गुलशन सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### छात्रों को सेना में शामिल होने के लिए किया प्रोत्साहित

**अंबाला।** मेजर जनरल केपी सिंह विशिष्ट सेवा मेडल अपर महानिदेशक भर्ती मुख्यालय ने सोमवार को आर्मी पब्लिक स्कूल का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने युवा छात्रों को ऑफिसर स्कीम के तहत भारतीय सेना में शामिल होने के लिए मार्गदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ अपने शारीरिक क्षमता को बनाए रखने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना वीरता और साहस का पर्याय है।

### 15 को सुनीं जाएंगी शिकायतें

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अंभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 15 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक लोगों की बिजली संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला के अधीक्षक अभियंता वीके गोयल करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से संबंधित शिकायत यहां रख सकता है। अदालत में विचाराधीन शिकायतों पर सुनवाई नहीं होगी।

### राष्ट्रीय पार्लियामेंट में भाग लेगी कुवि की टीम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने 29 मार्च को विवि/महाविद्यालयों के लिए आयोजित 17वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2024-25 के प्रथम स्तर पर अर्हता प्राप्त की है। संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 17वीं युवा संसद प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए जिसमें आठ विवि/संस्थानों को समूह स्तर प्रतियोगिता के प्रथम स्तर के लिए विजेता घोषित किया गया है जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का नाम शामिल है।

### गौशाला में गायों के उपचार हेतु भाविप ने दी दवाइयां

**पिहोवा।** भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस पर भाविप शाखा पिहोवा द्वारा हर हर महादेव रुग्ण गौशाला में सड़कों पर घायल होने वाली गायों के इलाज में काम आने वाली दवाइयां वितरित की गई। जिसमें मेघराज गर्ग का विशेष सहयोग रहा। इसके साथ ही गाय के खाने के लिए गुड़ की सेवा वेद प्रकाश गर्ग द्वारा की गई। अन्य सदस्यों ने भी इस कार्य में हिस्सा लिया। शाखा के प्रधान नवीन गर्ग ने इस विषय पर सभी को गाय की सेवा के लिए जागरूक होने का संदेश दिया और गाय की सेवा के लिए बढ़-चढ़कर आगे आने के लिए भी कहा।

### रोटरी क्लब ने वितरित की स्वच्छता सामग्री

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा श्रीगुरु रविदास धर्मशाला सभा को स्वच्छता सामग्री वितरित की गई। इसमें शोचालय में प्रयोग होने वाली सामग्री के अतिरिक्त और अन्य सामान दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मास्टर अवतार सिंह के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि रोटरी एक ऐसी संस्था है जो समाज में रहने वाले लोगों की हर सम्भव मदद करता रहता है। इस अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर डॉ. एस. एस. आहूजा ने कहा कि रोटरी क्लब समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता है।

---

### नप कर रहा है स्थान की तलाश

# 50 लाख की लागत से स्थापित होगी छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा

**मंत्री अनिल विज की ओर से फंड की मिली मंजूरी, पहले नेताजी सुभाषचंद्र बोस व शहीद भगत सिंह की प्रतिमा हो चुकी है स्थापित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा।

अंबाला छावनी में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर नगर परिषद ने कार्रवाई तेज कर दी है। प्रतिमा कहां स्थापित की जाएगी इसके लिए परिषद की ओर से तीन संभावित स्थानों की तलाश की जा रही है। जैसे ही जगह फाइनल होगी, काम शुरू कर दिया जाएगा। परिवहन मंत्री अनिल विज पहले ही प्रतिमा के लिए 50 लाख रुपये की राशि मंजूर कर चुके हैं। यह बजट प्रतिमा निर्माण और स्थापना दोनों कार्यों पर खर्च किया जाएगा। बता दें कि अंबाला कैंट में पहले से ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस और शहीद भगत सिंह की आदमकद प्रतिमाएं स्थापित हैं। ऐसे में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा तीसरी ऐतिहासिक मूर्ति होगी, जो शहर की पहचान और गौरव को और मजबूत करेगी। नगर परिषद का कहना है कि वह जल्द से जल्द इस योजना को अमल में लाना चाहता है ताकि शिवाजी महाराज जैसी ऐतिहासिक शख्सियत को उचित सम्मान दिया जा सके। अंबाला कैंट में फिलहाल दो प्रतिमाएं स्थापित हैं। इन में से एक सुभाष पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगाई है। यह पार्क प्रदेश के बेहतरीन पार्कों में शुमार है जहां आसपास से काफी संख्या में लोग इस पार्क में सैर करने के लिए आते हैं। इसी तरह अंबाला कैंट के लघु सचिवालय परिसर में बलिदानी भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की है। यह दोनों प्रतिमाएं अंबाला कैंट ही नहीं हर व्यक्ति को देशभक्ति का संदेश दे रही हैं।

**नप ने चुने तीन स्थान**

नगर परिषद की ओर से तीन स्थानों को चुना जाना है। इसके लिए कसरत भी शुरू हो गई है। इसके तहत अंबाला कैंट के स्वागत द्वार, फुटबाल चौक को देखा गया है, जबकि इसके अलावा महेश नगर में भी स्थान तलाश कर रहे हैं। अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शहीद स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। यह निर्माण भी अंतिम चरण में है। इस स्मारक में देश की आजादी के लिए लड़े गए पहले स्वतंत्रता संग्राम की दास्तान दिखाई जाएगी। इसके अलावा कई प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी।

---

# आरपीएफ ने यात्रियों का 20 लाख रुपये की कीमत का सामान लौटाया

### विशेष टीम निभा रही है अहम भूमिका

**शिकायत मिलते ही अलर्ट हो जाती है जांच टीम, यात्रा के दौरान सामान भूल जाते हैं यात्री**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रेनों में छूटे और गुम हुए सामान को ढूंढने में आरपीएफ अहम भूमिका निभा रही है। पिछले छह माह में टीम ने लगभग 20 लाख रुपये का सामान ढूंढकर यात्रियों के सुपुर्द किया है। इसमें लैपटॉप सहित गहने व नकदी शामिल है।आरपीएफ के अंबाला छावनी स्टेशन प्रभारी रविंदर सिंह ने बताया कि कंट्रोल से संदेश मिलने के बाद ट्रेन की लोकेशन देखी जाती है।

इसके बाद ट्रेन के आने से पहले ही टीम को प्लेटफार्म पर तैनात कर दिया जाता है ताकि यात्री के छूटे सामान को कोई अन्य न उतारकर ले जाए। इस संबंध में कई बार ट्रेन में तैनात टीटीई की भी मदद ली जाती है। ट्रेन नंबर 11057 अमृतसर एक्सप्रेस में सफर कर रही महिला का बैग कोच में रह गया। महिला आगरा कैंट से शाहबाद तक सफर कर रही थी।

शाहबाद स्टेशन पर उतरते समय महिला अपना बैग भूल गई। इसमें पांच हजार रुपये नकद, आधार कार्ड व दो सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी सोने के टॉप्स थे। आरपीएफ पोस्ट पर जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो कोच में जाकर महिला का सामान ढूंढ लिया गया। सामान की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये थी जोकि महिला के भाई संदीप के सुपुर्द किया गया।

इसी तरह गुरुग्राम के आदित्य सत्यम ने रेलवे कंट्रोल पर संदेश दिया कि वो नई दिल्ली से कटरा के बीच चलने वाली ट्रेन नंबर 22477 में अपना बैग भूल गया है। बैग में एप्पल कंपनी का लैपटॉप, एप्पल कंपनी का आईपैड, चार्जर व अन्य सामान है। आरपीएफ तक जानकारी पहुंचते ही प्लेटफार्म पर टीम को तैनात किया गया और ट्रेन के पहुंचते ही छानबीन करके कोच से लैपटॉप ढूंढ लिया गया।

लैपटॉप की कीमत लगभग एक लाख रुपये थी। यह लैपटॉप सिटी के सुखदेव सिंह के सुपुर्द कर दिया गया। रेलवे के कंट्रोल पर यमुनानगर के कर्म सिंह ने मदद की गुहार लगाई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी मनमीत कौर का ट्रेन नंबर 13005 हावड़ा मेल में बैग छूट गया है। वो हावड़ा से यमुनानगर तक यात्रा कर रही थी। यमुनानगर स्टेशन पर उतरते समय वो अपना पिट्ठू बैग कोच में ही भूल गई। ट्रेन के अंबाला पहुंचने पर आरपीएफ ने बैग ढूंढ निकाला। बैग में एचपी कंपनी का लैपटॉप सहित अन्य सामान था। पूरे सामान की कीमत लगभग एक लाख 25 हजार रुपये थी।

---

# बरसाती पानी की वजह से निचले इलाकों में फिर हुआ जलभराव, कर्मचारियों ने शुरू किए पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। बरसात के बाद सड़कों पर जलभराव की स्थिति।

सुबह अचानक शुरू हुई तेज बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया है। विशेष रूप से निचले इलाकों और अंडरपास में पानी जमा हो गया है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। नगर निगम के दावों के बावजूद जल निकासी की व्यवस्था अपर्याप्त साबित हुई है। कई सड़कों पर पानी भरा हुआ है। हालांकि नगर निगम ने कई जगह पंप सेट चालू करा कर पानी निकासी का काम शुरू करा दिया है। अंबाला शहर में निचले इलाकों में खासा जलजमाव हो गया है। बराड़ा का अधोया रोड, अनाज मंडी, रेलवे अंडरपास, बीडीपीओ आफिस के सामने मेन रोड, बंसल पैलेस चौक के पास बराड़ा गांव की तरफ जाने वाली सड़क समेत विभिन्न क्षेत्रों में काफी पानी भर गया। इसके अलावा अंबाला शहर के जंडली, लक्ष्मी नगर, इंको अंडर पास, माता रानी चौक, जंडली अंडर पास, उत्तरांचल कॉलोनी, मॉडल टाउन रोड आदि जगहों पर जलभराव हुआ है। इससे लोगों को आवागमन में भी दिक्कतें हो रहीं हैं। बारिश के बाद मेयर शैलजा सचदेवा ने जलभराव को लेकर कहा कि अगर बाथरूम में भी एक साथ एक बाल्टी भर पानी डाल दो तो उसको निकलने में भी टाइम लगता है। यहां तो कितना बाल्टी भर पानी एकत्रित हो गया है। इसको निकालने के लिए जल्द प्रयास किए जा रहे हैं। पंप भी चालू कराए गए हैं। जल्द ही हालत सामान्य हो जाएंगे।

---

# तीन महीने से एनएचएम कर्मियों को नहीं मिला वेतन

**सीएमओ के जरिए स्वास्थ्य निदेशक को भेजा ज्ञापन, समस्या का समाधान करवाने का किया आग्रह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। सिविल सर्जन को ज्ञापन देते कर्मचारी।

एनएचएम कर्मचारियों को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिल पाया। इसी वजह से ज्यादातर कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा है। इसी वजह से सोमवार को कर्मचारियों ने स्वास्थ्य विभाग के निदेशक को सिविल सर्जन के जरिए ज्ञापन भेजा है। कर्मचारियों के अनुसार, जब भी कभी कोई आपदा आती है तो उस समय एनएचएम कर्मचारी हमेशा पंक्ति में सबसे आगे होता है। चाहे वह बाढ़ की स्थिति हो याह फिर कोविड, डेंगू , मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी महामारी से लड़ने का समय हो। काफी लंबे समय से कर्मचारियों की तनख्वाह सही समय पर नहीं मिल पा रही है। जिससे प्रत्येक कर्मचारी आर्थिक और मानसिक परिस्थिति से गुजर रहा है।कर्मचारियों का कहना है कि हर कर्मचारी के परिवार का गुजारा इसी तनख्वाह से चलता है। इसके अतिरिक्त आय का ओर कोई स्रोत नहीं होता है। इसी वेतन से कर्मचारी बच्चों और परिवार का भरण पोषण, राशन, बिजली बिल, बच्चों की स्कूल फीस, मकान का किराया, मकान, वाहन, एजुकेशन के लोन की किस्त आदि भी इसी तनख्वाह से भरी जाती है। वेतन सही समय पर न मिलने के कारण हर महीने ब्याज और जुर्माने का भुगतान करना पड़ता है। इस समय अंबाला में प्रत्येक कर्मचारी बहुत ही खराब आर्थिक व मानसिक परिस्थिति से गुजर रहा है। कर्मचारियों ने सिविल सर्जन से आग्रह किया कि वे उनके मामले में हस्तक्षेप करें। सिविल सर्जन ने आश्वासन दिया कि उनकी मांग को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा।

---

# बार-बार लूट की वारदातों को अंजाम देने वाला आरोपी काबू, 9 वारदातें सुलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। सीआईए के हत्थे चढ़ा आरोपी अवतार सिंह।

थाना मुलाना में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी अवतार सिंह उर्फ तारू को गिरफ्तार किया है। अब पुलिस रिमांड के जरिए आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। अब तक की पूछताछ में आरोपी ने थाना मुलाना क्षेत्र में 5 वारदातें, नग्गल में 1, अंबाला शहर में 1 व थाना पड़ाव में भी लूट व स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। गांव गोकुलगढ़ के रहने वाले टोनी राम ने 6 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव खानपुर अहमद के पास से आरोपी उसकी पत्नी के कान से सोने की बाली झपट ली। इसके बाद आरोपी फरार हो गया था। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान ही सीआईए ने आरोपी को काबू कर लिया।

---

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरुकता बेहद जरुरी, शुरू होगा वन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। कार्यक्रम में जानकारी देते हुए वक्ता।

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में एनएसएस सेल एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 19 जुलाई तक 'वन महोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम इको क्लब की संयोजिका डॉ. रितु चांदना एवं एनएसएस सेल की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूजा बैरागी के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत अवसर पर प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने वन महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव भारत सरकार की एक सराहनीय पहल है जो प्रतिवर्ष जुलाई माह में मनाया जाता है ताकि अधिक से अधिक लोग वृक्षारोपण के लिए प्रेरित हो सकें। इको क्लब की संयोजिका डॉ. रितु चांदना ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें सामूहिक और व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत 15 जुलाई को कॉलेज प्रांगण में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण किया जाएगा।

---

# अंतर-सदन गणित क्विज में अजय सदन ने मारी बाजी



बराड़ा। बराड़ा में क्विज प्रतियोगिता के विजेता स्टूडेंट्स।

**बराड़ा।** अकाल एकादमी होली के गणित विभाग द्वारा अंतर-सदन गणित क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, मानसिक सजगता और टीम भावना का विकास करना था, साथ ही गणित जैसे विषय को रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक रूप में प्रस्तुत करना भी इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य रहा। विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने बेहतरीन समस्या-समाधान क्षमता, तीव्र गणना कौशल और समन्वित टीम वर्क का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बीच अजय सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रिंसिपल ने सभी प्रतिभागियों को उनकी सक्रिय भागीदारी और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

---

### कालका विधायक ने मेयर शैलजा सचदेवा से की मुलाकात, ऑफिस की बधाई दी

**अंबाला।** कालका से भाजपा विधायक शक्ति रानी शर्मा सेक्टर-7 स्थित मेयर सैलजा संदीप सचदेवा के निवास स्थान पर पहुंचीं। उन्होंने यहां पहुंचने पर मेयर सैलजा सचदेवा को नगर निगम में नवनिर्मित कार्यालय में बैठने को लेकर बधाई दी। इस दौरान अंबाला शहर के विकास, भाजपा के संगठन व अन्य कई राजनीतिक विषयों पर उनकी चर्चा हुई। इस मुलाकात के दौरान शक्ति रानी शर्मा ने मेयर शैलजा संदीप सचदेवा के साथ अपने अनुभव सांझा किए। यह बताया कि मेयर का कार्य कितना चुनौती पूर्ण होता है। बीते 11 जुलाई को ही नगर निगम में मेयर सैलजा सचदेवा के नए कार्यालय का शुभारंभ हुआ है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### बेसहारा बच्चों के बनवाए जाएंगे आधारकार्ड

**अंबाला।** बेसहारा बच्चों को सरकारी सुविधाओं का लाभ दिलवाने के लिए उनके आधार कार्ड बनवाए जाएंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से यह कार्य जल्द ही शुरू करवाया जाएगा। इसके लिए सभी सीसीआई केंद्रों में लिस्ट मंगवाई गई है। जिसमें जिन बच्चों के माता पिता नहीं है व उनके पास कोई दस्तावेज भी नहीं है।उनके आधार कार्ड बनवाए जा सके। इसके अलावा जिले के सभी क्षेत्रों में अगर कोई बेसहारा बच्चा है तो उसका भी आधार कार्ड बनवाया जाएगा। इस योजना के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से करवाए जाने वाले जागरूकता शिविरों में इस बारे में जागरूक किया जाएगा। सीजेएम एवं सचिव प्रवीण ने बताया कि इस योजना से बेसहारा बच्चों को लाभ मिलेगा।

---

### निरंतर चलाया जा रहा है फल व छायादार पौधों का रोपण अभियान

# गुदगुदी जंक्शन की ओर से 60 पौधे किए रोपित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


पौधारोपण करते संस्था के पदाधिकारी।

सोशल ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा साप्ताहिक पौधारोपण अभियान के अंतर्गत अब तक 60 पौधे लगाए गए। इतने ही लोगों को गिफ्ट किए गए। समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ के निर्देशानुसार प्रोजेक्ट इंचार्ज मंदीप शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। 11 जुलाई से शुरू किए गए इस अभियान में सोमवार चौथे दिन तक राम बाग के प्राचीन शिव मंदिर,नारायणगढ़-अंबाला राजमार्ग के दोनों ओर,भगवान परशुराम गौशाला खतौली,ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन कांप्लेक्स और नारायणगढ़ रोड़ मुख्य पार्क में लगभग 60 पौधे लगाकर इतने ही पौधे लोगो को प्रदान किए गए हैं। प्रोजेक्ट इंचार्ज मंदीप शर्मा ने बताया कि इस अभियान में हमारी तीन टीमें कार्य कर रही हैं। पहली टीम का कार्य स्थान का चयन करके पौधे लगाने के लिए गड्ढे बनाना,दूसरी टीम का काम अगले दिन पौधे लगाना और तीसरी टीम का काम लगाए गए पौधों की देखभाल करना है। इस अभियान में स्थानीय लोगों और समाजसेवियों का भी सहयोग मिल रहा है। सर्व धर्म समाज कल्याण सोसाइटी के चेयरमैनराजेंद्र कौशिक,भगवान परशुराम गौशाला खतौली के प्रधान देवीराम शर्मा, समाजसेवी असीम अग्रवाल,अमरनाथ कश्यप,डॉ.संजय गौतम,तरसेम पाल शर्मा,सुरेश शर्मा आदि ने सहयोग करते हुए भगवान परशुराम गौशाला खतौली में फलदार व छायादार वृक्षों के पौधों के साथ साथ क्यारियां बनाकर सुगंधित फूलों की पौध लगाई।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर नवीन शर्मा, अरुण गुप्ता, दीपांशु शर्मा, साहिल शर्मा, रमेश अग्रवाल, राहुल शर्मा, प्रदीप कुमार, विनोद कुमार मलिक, सुभाष शर्मा, शीशपाल मोर, अरुण कुमार एडवोकेट, माधव, कृष्णा, मन्नत शर्मा, सतीश शर्मा, संजीव कुमार, रामकुमार बिंदल, जसबीर कौर, भगवंती, अवनीत कौर शामिल रहे।*